अमर उजाला

**Delhi News: प्रीमियम कपड़ों व फुटवियर की नकली फैक्टरी का खुलासा, मालिक गिरफ्तार**




नई दिल्ली। उत्तर पश्चिम जिला जांच प्रकोष्ठ ने शालीमार बाग में चल रही प्रीमियम कपड़ों एवं फुटवियर बनाने की नकली फैक्टरी का खुलासा किया है। पुलिस ने फैक्टरी मालिक मोहित सचदेवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बड़ी मात्रा में नामी कंपनी के कपड़े, फुटवियर, बेल्ट और सनग्लास बरामद किए हैं। आरोपी शॉर्ट्स, टी-शर्ट्स, लोवर, सनग्लास, घड़ी, बेल्ट, कैप और फुटवियर बनाकर उन पर नामी कंपनी के नकली लेबल लगाकर उन्हें बाजार में असली उत्पाद बताकर बेचता था। वह खुद को ब्रांड्स का अधिकृत वितरक बताकर धोखाधड़ी करता था।

जिला के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया, नामी कंपनी के प्रतिनिधि निजामुद्दीन ईस्ट निवासी नृपेन्द्र कश्यप ने जिला जांच प्रकोष्ठ में नामी कंपनी के नाम पर कपड़े व अन्य सामान बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने शिकायत में बताया कि फेंडी और डायर जैसे हाई-वैल्यू ब्रांड्स से नकली कपड़े, जूते, सनग्लास, घड़ी आदि बेचे जा रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर लिया। पूछताछ में मोहित ने बताया कि वह खुद अवैध यूनिट चलाता है, जहां शॉर्ट्स, टी-शर्ट्स, कैप, बेल्ट, सनग्लास आदि बनाकर उन पर नामी कंपनियों के नकली टैग्स लगाकर बाजार में असली बताकर बेचता था।

Source: https://www.amarujala.com/delhi/fake-factory-of-premium-clothes-and-footwear-exposed-owner-arrested-ashram-news-c-340-1-del1011-103963-2025-09-07